# शताब्दी समारोह के यादगार सिक्के का गजट जारी किया

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

## एचबीटीयू

- 100 रुपए का होगा सिक्का जिसमें 50 फीसदी होगी चांदी चार धातुओं से बनेगा
- सिक्के के मुख्य भाग पर मध्य में अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा

एचबीटीयू में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 25 नवंबर को यूनिवर्सिटी (पूर्व में संस्थान) के शताब्दी समारोह में स्मारक सिक्का जारी करेंगे। गुरुवार को इसका गैजेट जारी कर दिया गया। गैजेट के अनुसार यह 100 रुपये का सिक्का वृत्ताकार (44 मिलीमीटर) में होगा जिसके किनारों पर 200 दांत होंगे। इसमें चतुर्थक मिश्र धातु होगी जिसमें 50 फीसदी चांदी होगी। इसमें 40 प्रतिशत तांबा, 05 फीसदी निकिल और 05 फीसदी जस्ता होगा।

सिक्के के मुख्य भाग पर मध्य में अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा। इसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा होगा। सिंह शीर्ष के नीचे रुपए का प्रतीक और अन्तरराष्ट्रीय अंकों में 100 लिखा होगा। सिक्के के पृष्ठ भाग के मध्य में एचबीटीयू के मुख्य भवन का चित्र होगा। देवनागरी लिपि में ऊपरी परिधि में हिंदी और नीचे की परिधि में हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी कानपुर सेनेट्री सेलेब्रेशन लिखा होगा। नीचे 1921-2021 लिखा होगा। 100 रुपए का सिक्का 35 ग्राम का होगा।